अध्याय II

अधिदेश, लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र तथा कार्यपद्धति

अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 13 के प्रावधानों के अंतर्गत तैयार किया गया है। लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा तथा लेखा विनियम, 2007 तथा निष्पादन लेखापरीक्षा दिशानिर्देश, 2014 के अनुरुप की गई है।

2.1 लेखापरीक्षा कार्यक्षेत्र

लेखापरीक्षा में 2016-17 से 2018-19 की अवधि के लिए एलएंडडीओ के अंतर्गत नज़ूल भूमि के प्रबंधन से संबंधित अभिलेखों की जाँच को शामिल किया गया है जिसमें सीएजी की 'एलएंडडीओ की कार्यप्रणाली' (2009-10 की सं. 6) पर पूर्ववर्ती रिपोर्ट पर अनुवर्ती कार्रवाई तथा उस पर लोक लेखा समिति (पीएसी) की रिपोर्ट पर विशेष बल दिया गया है। लेखापरीक्षा निष्कर्ष को वर्ष 2020-21 तक अद्यतन किया गया है, जहाँ एलएंडडीओ द्वारा सूचना/ रिकॉड उपलब्ध करवाए गए थे।

2.2 लेखापरीक्षा उद्देश्य

लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या एलएंडडीओ ने:

(i) 2009-10 की निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर पीएसी की अनुशंसाओं/ टिप्पणियों के संदर्भ में उपचारात्मक कार्रवाई/ उपायों पर पीएसी को दिये आश्वासनों को पूरा किया; और

(ii) समय समय पर जारी पट्टा करारों के प्रावधानों तथा अनुदेशों के अनुसार पट्टों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया।

2.3 लेखापरीक्षा मानदंड के लिए स्रोत

- पट्टेदारों के साथ एलएंडडीओ द्वारा हस्ताक्षरित पट्टा विलेख
- एलएंडडीओ का कार्यालय नियमावली
- एलएंडडीओ के कार्यालय आदेश, संशोधन और अन्य परिपत्र
- सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), 2005 तथा 2017
- शहरी विकास मंत्रालय/ आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट
- सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971

- एलएंडडीओ का नागरिक चार्टर

2.4 लेखापरीक्षा कार्यपद्धति

30 सितंबर 2019 को एक प्रवेश सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव को लेखापरीक्षा उद्देश्य, मानदंड, कार्यक्षेत्र आदि के बारे में बताया गया तथा अनुवर्ती लेखापरीक्षा के संचालन के लिए सहयोग माँगा गया। तत्पश्चात्, एलएंडडीओ के अभिलेखों की जाँच की गई। अभिलेखों की जाँच के अतिरिक्त, नमूना मामलों से चयनित संपत्तियों का संयुक्त निरीक्षण एलएंडडीओ के तकनीकी कर्मचारियों के साथ भी किया गया था।

2.5 लेखापरीक्षा प्रतिचयन

एलएंडडीओ को उनके नियंत्रणाधीन संपत्तियों का श्रेणीवार विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। हालांकि, एलएंडडीओ द्वारा पूरी जानकारी प्रदान नहीं की गई थी तथा 2,608 संपत्तियों की एक सूची प्रस्तुत की गई थी। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण, सांख्यिकीय[3] रुप से चयनित 29 संपत्तियों के नमूने से संबंधित अभिलेखों की जाँच पर आधारित अनुवर्ती लेखापरीक्षा आयोजित की गई थी। ये संपत्तियाँ इस प्रकार हैः-

तालिका 2.1: लेखापरीक्षा में शामिल की गई संपत्तियाँ

क्रम सं.	संपत्तियों की श्रेणी	लेखापरीक्षा में शामिल संपत्तियों की संख्या	लेखापरीक्षा में शामिल की गई संपत्तियों का विवरण
1.	विद्यालय	3	i) केंद्रीय विद्यालय, एंड्रयूज़ गंज ii) विद्या भवन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, न्यू राजेन्द्र नगर iii) बाल भारती स्कूल, पूसा मार्ग
2.	मुद्रणालय	3	i) डेली मिलाप, बहादुर शाह जफर (बीएसजेड) मार्ग ii) डेली तेज, बीएसजेड मार्ग iii) गुलाब सिंह एंड सन्स, बीएसजेड मार्ग

---

[3] *इंटरएक्टिव डेटा एक्सट्रेक्शन एंड एनालिसिस (आईडीईए) सॉफ्टवेयर के माध्यम से सांख्यिकीय नमूने का चयन किया गया था।*

क्रम सं.	संपत्तियों की श्रेणी	लेखापरीक्षा में शामिल संपत्तियों की संख्या	लेखापरीक्षा में शामिल की गई संपत्तियों का विवरण
3.	होटल	2	i) होटल ली मेरिडियन, जनपथ ii) होटल ताज मान सिंह, मान सिंह मार्ग
4.	अस्पताल	2	i) विद्या सागर मानसिक स्वास्थ्य तथा तंत्रिका विज्ञान संस्थान (विमहन्स), नेहरु नगर ii) सेंट स्टीफंस अस्पताल, तीस हजारी
5.	व्यवसाय परिसर	1	एफ-2, कनॉट प्लेस
6.	सिनेमा हाल	1	अलंकार सिनेमा, लाजपत नगर
7.	व्यापार संघ	3	i) सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस, (सीआईटीयू), राउज एवेन्यू ii) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईटीयूसी), दीन दयाल उपाध्याय मार्ग iii) इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (आईएनटीयूसी), भाई वीर सिंह मार्ग
8.	कोयला डिपो/ गैस गोदाम	3	i) मैसर्स किशन भाग चंद (केपिटल कोल कंपनी), पृथ्वी राज लेन ii) सुखदीप कोयला डिपो, राउज एवेन्यू iii) केयसन इंटरप्राइजेज (गैस गोदाम), सरदार पटेल मार्ग
9.	पैट्रोल पंप	2	i) मैसर्स प्रेम सर्विस स्टेशन, जे.बी. टीटो मार्ग ii) कृष्णा फीलिंग सर्विस स्टेशन, मिंटो मार्ग
10.	राजनीतिक पार्टियाँ	1	अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग
11.	अन्य नज़ूल संपत्तियाँ	5	i) 17, जोर बाग ii) सेन नर्सिंग होम, बीएसजेड मार्ग iii) 29, ओरंगजेब मार्ग iv) 3, कौटिल्य मार्ग v) 7, गैरेज, गोल मार्किट

क्रम सं.	संपत्तियों की श्रेणी	लेखापरीक्षा में शामिल संपत्तियों की संख्या	लेखापरीक्षा में शामिल की गई संपत्तियों का विवरण
12.	पूर्ण-स्वामित्व संपत्तियाँ	3	i) 12, गोल्फ लिंक्स, ii) 19, पृथ्वी राज मार्ग iii) 1, हेली मार्ग
	कुल	**29**	

2.6 पावती

लेखापरीक्षा भूमि तथा विकास कार्यालय तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा लेखापरीक्षा को समय पर पूरा करने के लिए किए गए सहयोग के लिए पावती प्रदान करती है।